## खबर संक्षेप

### डॉ.सत्यभामा अवधिया बनीं मैहर की पहली महिला सिविल सर्जन

**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल के इतिहास में पहली बार किसी महिला चिकित्सक को सिविल सर्जन का दायित्व सौंपा गया है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के प्रयासों से डॉ.श्रीमती सत्यभामा अवधिया को प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला मैहर के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ.अवधिया इससे पूर्व रीवा संभाग में प्रभारी क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य के पद पर कार्यरत थीं और मैहर में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### घोरबई पंचायत में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई, रोजगार सहायक हटाए गए

**मैहर।** ग्राम पंचायत घोरबई में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक मुकेश कुमार तिवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की गंभीर शिकायतों पर जिला पंचायत सतना ने बड़ी कार्रवाई की है। जारी आदेश के तहत संबंधित रोजगार सहायक को शासकीय कार्यों से पृथक कर जनपद पंचायत मैहर में संबद्ध कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीण दिलीप पटेल व अन्य ने शिकायत दर्ज कराई थी कि संबल कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली की गई और विरोध करने पर धमकियां दी गईं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा कार्यों और मजदूरी भुगतान में भी गड़बड़ी के आरोप हैं। जिला पंचायत द्वारा दिए गए कारण बताओ नोटिस का रोजगार सहायक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। रोजगार सहायक मार्गदर्शिका 2025 के तहत हुई इस कार्रवाई के बाद,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) को एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी का भव्य स्वागत, बूथ सशक्तिकरण पर जोर

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे अपने एक दिवसीय प्रवास पर सड़क मार्ग से सतना पहुँचीं।पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सतना दौरा था,जहाँ नागौद से लेकर सतना तक जगह-जगह पुष्पवर्षा,माल्यार्पण और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री डॉ.वर्मा और जिला अध्यक्ष सीमा सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन विस्तार,सदस्यता वृद्धि और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। अश्विनी परांजपे ने केंद्र की मोदी सरकार की उज्ज्वला, पीएम आवास व आयुष्मान योजना और मध्यप्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार की 'लाडली बहना' जैसी महिला हितैषी योजनाओं की तारीफ की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की इन जन कल्याणकारी उपलब्धियों को प्रत्येक लाभार्थी तक पहुँचाएँ। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की मंत्री प्रतिमा बागरी और भाजपा जिला अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पांडेय सहित कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

### जर्जर स्कूल भवन को लेकर अमदरा में धरना प्रदर्शन

**मैहर।** शासकीय शहीद शंकर पटेल विद्यालय, अमदरा के जर्जर भवन में बच्चों को बिठाए जाने के विरोध में अभिभावकों,जननेताओं और छात्रों ने विद्यालय के सामने करीब तीन घंटे तक उग्र धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि इस कंडम भवन को गिराया जाए और जब तक बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं होती,तब तक विद्यालय का संचालन रोका जाए। नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह और अमदरा वृत्त तहसीलदार शांतिभूषण सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी से चर्चा कर जल्द ही विद्यालय को पास के महाविद्यालय के ऊपरी भाग में शिफ्ट किया जाएगा।

# बिरला फैक्ट्री कर्मचारी से लूट और जानलेवा हमला



**सतना। कोलगवां थाना क्षेत्र में बिरला फैक्ट्री से ड्यूटी कर लौट रहे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग कर्मचारी पर 10-12 अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर लूटपाट की। वारदात एमपीईबी पावर सबस्टेशन के पीछे स्थित एक सुनसान मैदान में हुई। घायल कर्मचारी की पहचान सिद्धार्थ नगर (वार्ड क्रमांक-9) निवासी कमलापति पाण्डेय के रूप में हुई है,जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

**गला दबाया और चाकू से वार**

पीड़ित कमलापति पाण्डेय रात करीब 10 बजे फैक्ट्री से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने पहले उनका गला दबाकर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद बदमाश उनसे सोने की एक अंगूठी,चांदी की दो अंगूठियां,एक मोबाइल फोन और उनकी साइकिल लूटकर मौके से फरार हो गए।

**पुलिस जांच में जुटी**

लूट का शिकार होने के बाद घायल बुजुर्ग किसी तरह अपने घर पहुंचे,जिसके बाद परिजनों ने तुरंत डायल -112 को सूचना दी। कोलगवां थाना पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# राज्यसभा चुनाव में धांधली का आरोप: महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सतना।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी सतना (ग्रामीण) ने भाजपा सरकार पर राज्यसभा चुनाव के दौरान धांधली और तानाशाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के धवारी चौराहे पर एकत्रित होकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। महिला कांग्रेस सतना ग्रामीण की अध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष द्वारा सभी लोकतांत्रिक मर्यादाओं,नियमों और प्रक्रियाओं को ताक पर रख दिया गया। द्वेषपूर्ण राजनीति के चलते कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन अवैध रूप से रद्द कर दिया गया,जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा छल-पूर्वक एक महिला को राज्यसभा में जाने से रोका गया है,जो महिलाओं का घोर अपमान है। महिला कांग्रेस सतना ग्रामीण इस तानाशाही रवैये का पुरजोर विरोध करती है और मांग करती है कि इस मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा की जाए।



## 'बी-नेगेटिव' खून देकर युवती को दिया जीवनदान



**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती एक गंभीर रूप से बीमार 21 वर्षीय युवती,प्रीति साकेत के लिए स्थानीय पत्रकार लेखराज मसीहा बनकर सामने आए।प्रीति को इलाज के लिए अत्यंत दुर्लभ 'बी-नेगेटिव' (B-) रक्त की सख्त आवश्यकता थी। परिवार वालों की इस लाचारी और खून की जरूरत की खबर को जब सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया,तो इसे देखते ही पत्रकार लेखराज बिना समय गंवाए तुरंत अस्पताल पहुंचे। उन्होंने त्वरित निर्णय लेते हुए अस्पताल में रक्तदान किया और युवती को जीवनदान दिया। लेखराज के इस मानवीय और सराहनीय कार्य की उनके पत्रकार साथियों और स्थानीय नागरिकों ने जमकर प्रशंसा की है।

# नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रशासन सख्त: कलेक्टर और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का मुआयना

**सतना।** आगामी 21 जून 2026 को होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पिछले दिनों पेपर लीक के कारण परीक्षा निरस्त होने के बाद, इस बार सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर अभूतपूर्व कड़ाई बरती जा रही है।इसी सिलसिले में गुरुवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया।

**केंद्रों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, बिजली आपूर्ति और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि समय रहते सभी कमियों को दुरुस्त किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम,सीसीटीवी से होगी निगरानी**

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एसपी हंसराज सिंह ने हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों,कंट्रोल रूम और प्रश्न पत्रों के सुरक्षित वितरण व संग्रहण की प्रक्रिया को भी परखा। हालिया पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए इस बार टेलीग्राम सेवा को पूरी तरह बंद कर दिया गया है,ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या लीक की गुंजाइश न रहे।

**अहम बैठक आज**

परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 19 जून को सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# केजेएस सीमेन्ट की खदानों को मिले 14 पुरस्कार



**मैहर।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वाधान में जबलपुर में आयोजित 37वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के समापन समारोह में केजेएस सीमेन्ट की खदानों को कुल 14 पुरस्कार प्राप्त हुए। खनन के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित इन पुरस्कारों को केजेएस माइंस परिसर में डिस्प्ले किया गया जहां सीओओ राजेश बैरागी एवं मानव संसाधन विकास व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने व्यक्तिगत स्तर पर प्राप्त पुरस्कार संबंधित माइंस कर्मचारियों को प्रदान किये और सभी संबद्ध कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई दी। केजेएस माइंस प्रमुख बीके राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा सप्ताह में जबलपुर क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में 83 खदानों ने भाग लिया जिसमें भारत सरकार के खान सुरक्षा महानिदेशक उज्जवल ताह एवं खान सुरक्षा उप महानिदेशक नीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विगत वर्ष 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक मनाये गए खान सुरक्षा सप्ताह के बारे में आयोजन समिति के संयोजक एवं खान सुरक्षा निदेशक जबलपुर मनीषचंद्र जायसवाल ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात निरीक्षण दलों ने गहनता के साथ विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया और अलग-अलग कैटेगरी में पुरस्कारों के लिए अपनी अनुशंसा समिति को दी। केजेएस सीमेन्ट की खदानों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमी मैकेनाइज्ड ग्रुप में ओवरऑल परफॉर्मेंस में प्रथम पुरस्कार सहित कुल चार प्रथम और एक द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। मैकेनाइज्ड ग्रुप में एक प्रथम तथा एक तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। केजेएस की माइनिंग टीम ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके लगातार तीसरे वर्ष प्रथम आने का गौरव प्राप्त किया। इसके अलावा ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिताओं में केजेएस वर्कर्स छह व्यक्तिगत प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर प्रशंसा के पात्र बने। केजेएस सीमेन्ट की ओर से सभी पुरस्कार कंपनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा,खान प्रमुख बीके राठौर,एके वर्मा एवं अन्य ने प्राप्त किये।

# जिला अस्पताल में स्ट्रेचर को लेकर विवाद, मरीज के परिजनों से मारपीट

**सतना। सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल से एक शर्मनाक मामला सामने आया है,जहां स्ट्रेचर को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक मरीज के परिजनों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना अस्पताल के वार्ड नंबर-2 की है,जहां पैर फ्रैक्चर होने के कारण संस्कार दहिया नामक मरीज भर्ती है।**

मरीज के चाचा सोनू दहिया उसे बाथरूम ले जाने के लिए स्ट्रेचर लेकर आए थे। इसी दौरान वहां पहुंचे तीन अज्ञात युवक स्ट्रेचर ले जाने लगे। जब सोनू ने अपने मरीज की जरूरत का हवाला देते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की,तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि तीक्ष्ण बहस के बाद युवकों ने सोनू दहिया और बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी रचना के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के वक्त वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और अन्य मरीजों के परिजनों ने जैसे-तैसे बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ितों का आरोप है कि इस दौरान अस्पताल का कोई भी स्टाफ मौके पर मौजूद नहीं था।सोनू दहिया की लिखित शिकायत पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई: कम खपत वाले नॉन-स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सघन चेकिंग, बने प्रकरण



**सतना।** शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र सिंह चंदेल के निर्देश पर बिजली विभाग की विभिन्न टीमों ने नॉन-स्मार्ट मीटर वाले उन उपभोक्ताओं के परिसरों की सघन जाँच की,जिनकी खपत स्वीकृत लोड की तुलना में कम है। कार्रवाई के दौरान टाउन जोन अधिकारी अवनीश पाण्डेय और कनिष्ठ अभियंता अजय दुबे ने सोनोरा व डिलौरा बाईपास क्षेत्र में 10 कनेक्शन जांचे,जिनमें से दो के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं,टाउन सुभाष पार्क मार्ग में कनिष्ठ अभियंता अटल कुमार मिश्रा ने टीम के साथ चेकिंग की।आरईएस जोन में जोनल अधिकारी और कनिष्ठ अभियंता इसरार ने राजेंद्र नगर व पतेरी क्षेत्र में 12 कनेक्शन चेक कर प्रकरण तैयार किए। इसके अतिरिक्त,सहायक अभियंता पूनम गुप्ता ने नई बस्ती में 8 उपभोक्ताओं की जाँच कर 2 प्रकरण बनाए,जबकि मुख्तियारगंज के कनिष्ठ अभियंता राहुल मिश्रा ने भी 6 परिसरों में चेकिंग कर मामले दर्ज किए। कार्यपालन अभियंता ने सभी अधिकारियों को निरंतर चेकिंग करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा अंदर मीटर लगे परिसरों और कम खपत वाले नॉन-स्मार्ट उपभोक्ताओं की जाँच आगे भी जारी रहेगी।

# मैहर में महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य आयोजन, उमड़ा क्षत्रिय समाज



**मैहर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर मैहर जिले में एक भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें जिले भर से हजारों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत लाल कोठी से एक विशाल शोभायात्रा और रैली के रूप में हुई।यह रैली घंटाघर,पूर्व दरवाजा,पुरानी बस्ती और रंगलाल चौराहा होते हुए मैहर किला पहुंची। पूरे मार्ग में समाज के लोगों ने अनुशासन के साथ भाग लिया और महाराणा प्रताप के जयघोष किए। मैहर किला पहुंचने पर महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के साहस,त्याग और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समाज में शिक्षा, संस्कार,संगठन की मजबूती और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

# मैहर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द्र की अपील



**मैहर।** आगामी मोहर्रम त्यौहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने के लिए गुरुवार शाम 5 बजे मैहर कोतवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएसपी महेंद्र सिंह ने की,जिसमें थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक,जनप्रतिनिधि और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मोहर्रम के जुलूस मार्ग,सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।यातायात बाधित न हो,इसके लिए आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग की योजना बनाई गई। थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में नगर पालिका सीएमओ प्रिंस अग्रवाल,यातायात प्रभारी विक्रम पाठक और जेई एस.एन.त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## प्रिज्म सीमेंट को पर्यावरण उत्कृष्टता एवं सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्लेटिनम अवार्ड 2026




**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को पर्यावरण उत्कृष्टता (एनवायरनमेंट एक्सीलेंस) एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'प्लेटिनम अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान '2न्ड ग्रीन एनवायरो फाउण्डेशन अवार्ड एंड समिट 2026' के दौरान प्रदान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम (सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन) देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार भारत के प्रसिद्ध "फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया" पद्मश्री जादव पायेंग द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सुरेश प्रभु (वर्चुअल माध्यम से) तथा महाराष्ट्र शासन के पूर्व कृषिमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय,पर्यावरण,सततता एवं वन विभाग की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के सदस्य पाशा पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण,सतत विकास तथा उद्योगों की सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण एकता परिषद गुनौर के तहसील अध्यक्ष बने पं. ब्रजेश तिवारी, समाज में खुशी की लहर



गुनौर। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय समाजसेवी पं. ब्रजेश तिवारी को ब्राह्मण एकता परिषद, गुनौर का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं क्षेत्रीय संगठनों के पदाधिकारियों तथा समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाज के लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है कि पं. ब्रजेश तिवारी के नेतृत्व में गुनौर तहसील का ब्राह्मण समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त होगा। लंबे समय से समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहे पं. तिवारी को ब्राह्मण समाज की एकता, जागरूकता एवं उत्थान के लिए समर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पं. ब्रजेश तिवारी सदैव समाज के हितों एवं उसके विकास को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी संगठन क्षमता और सामाजिक अनुभव का लाभ परिषद को मिलेगा तथा उनके नेतृत्व में समाज के कल्याण, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में नई पहलें देखने को मिलेंगी।

### स्कूलों में घंटी बजते ही चहक उठे बच्चे, माथे पर हल्दी-कुमकुम के साथ प्रवेश



पन्ना। शाहनगर विकासखंड के शासकीय स्कूलों में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद पहले दिन श्स्कूल चलें हमश अभियान के तहत भव्य प्रवेश उत्सव के साथ बच्चों का प्रवेश कराया गया। गेट पर रंग-बिरंगे गुब्बारों के बीच शिक्षकों ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। नर्सरी के नए बच्चों का कुमकुम से पदचिन्ह बनाकर प्रवेश कराया गया। विकासखंड में पहली से 12वीं तक के 1320 स्कूलों की घंटी बजी। परिसर में बच्चों की चहल-पहल और उत्साह का माहौल रहा। स्कूलों में पहले दिन 2 लाख से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया।

### ट्रक से ओवरटेक करते समय मोटर साइकिल अनियंत्रित, दो युवक घायल



पन्ना। शाहनगर थाना क्षेत्रांतर्गत एनएच-43 पर कचौरी मोड़ के समीप कचौरी से शाहनगर आ रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल ट्रक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार गोलू चौधरी, पिता मनसुख लाल, उम्र 17 वर्ष ने बताया कि वह अपने साथी दीपक, पिता रामदयाल के साथ मोटरसाइकिल से शाहनगर कस्बा आ रहे थे। तभी दीपक ने गोलू से कहा कि ष्तेज गाड़ी चलाओ, ट्रक के पीछे-पीछे कब तक चलोगे, जल्दी घर वापस आना हैष्। इसके बाद गोलू ने तेज गति से वाहन चलाया और मोटरसाइकिल रास्ते पर बहक गई, जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्पदंश से वृद्धा की मौत मामला सिजहटी गांव का



शाहनगर। थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत टिकरिया के समीप सिजहटी गांव में सर्पदंश से एक वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान श्रीमती बड़ी बहू राठौर, पति रूपलाल राठौर, उम्र 60 वर्ष, निवासी सिजहटी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक महिला बुधवार की दोपहर लगभग 2 बजे घर में थी, तभी काले सांप पर पैर पड़ जाने से सांप ने दंश मार दिया। परिजन तत्काल उन्हें शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर आशीष तिवारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मामले की सूचना शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से थाना शाहनगर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को सुरक्षित मर्चुरी केन्द्र शाहनगर मे रखवा दिया है शाहनगर टी आई परसुराम डाबर ने बताया सायं होने पर गुरूवार को पी एम कराया जायेगा शाहनगर बीएमओ डा0 सर्वेश लोधी ने बारिश के मौसम में सांप-बिच्छू निकलते हैं।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के विरोध में सौपा ज्ञापन



पन्ना।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आव्हान पर आज संपूर्ण भारत वर्ष में टीईटी परीक्षा से मुक्ति हेतु ज्ञापन सौंपे गये इस कडी में पन्ना में भी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय मिश्रा सचिव रवि डनायक एवं शेषमणी दुबे के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में शिक्षक नवीन कलेक्टर कार्यालय में एकत्रित हुये और माननीय प्रधानमंत्री केन्द्रीय शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित ज्ञापन सौपा ज्ञापन की मुख्य माँगे इस प्रकार थी। 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी (ज्ज्) की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए।, ऐसे शिक्षकों की सेवाए वरिष्ठताए पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। आवश्यकता होने पर संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशाणिर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का तत्काल निराकरण किया जाए। देश के शिक्षक समुदाय को विश्वास है कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस वर्ग के साथ न्याय सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार संवेदनशीलताए दूरदर्शिता एवं न्यायपूर्ण दृष्टिकोण का परिचय देगी। ज्ञापन सौपने वालों में सेवा निवृत्त शिक्षक विनोद मिश्रा राजेन्द्र धंधेरे राजेश मिश्रा, विनोद पाण्डे, सुनील खरे, कोषाध्यक्ष संजय खरे, ज्योति एम.शर्मा, अनीता चौबे, मीना तिवारी, साधना जैन, सुरेन्द्र सिंह परमार, राम प्रमोद मिश्रा, देशराज प्रजापति प्राचार्य बृजपुर, अमिता खरे, आशीष रैकवार, रामकृष्ण पाठक, इरशाद मोहम्मद, ओ.पी.चतुर्वेदी, राकेश तिवारी, राकेश मिश्रा, धीमानचंद्र, विनोद पाण्डे, सुनील पाण्डे, अजय तिवारी, उषा मिश्रा, अवध दहायत, शिवानंद सिंह, विनोद अरजरिया, धनप्रसाद शर्मा आदि सैकडों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के सचिव रवि डनायक ने बताया कि हमें पूर्ण विश्वास है कि 25 लाख शिक्षकों की रोजी रोटी को एवं उनके आत्म सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए सरकार हमारे पक्ष में शीघ्र निर्णय लेगी । अन्यथा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ को आंदोलन की राह पकडने के लिए मजबूर होना पडेगा।

## पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) विक्रय करने वाले आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना गुनौर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को 03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 27 हजार रुपये विक्रय करने के उद्देश्य से घर में रखे पाये जाने पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अवैध मादक पदार्थ जप्त किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना गुनौर में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। गठित पुलिस टीमो द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रो में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्री भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। दिनांक 17.04.2026 को थाना गुनौर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मन्नीखिरवा निवासी संतोष पाठक अपने घर में बिक्री करने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थ गाँजा रखे हुए है। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मन्नीखिरवा पहुंचकर दबिश दी गई। मौके पर पुलिस टीम को देखकर संदेही व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम संतोष पाठक पिता शिवकुमार पाठक उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मन्नीखिरवा थाना गुनौर जिला पन्ना होना बताया। नियमानुसार तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी के घर के एक कमरे में रखी दो प्लास्टिक की बोरियों से बरसाती एवं पन्नियों में रखा हुआ मादक पदार्थ गाँजा बरामद किया गया। बरामद पदार्थ का परीक्षण एवं तौल कराने पर कुल 03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,000 रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने अपने घर के आँगन में गाँजे के पौधे लगाए थे तथा उन्हीं पौधों को काटकर सुखाकर विक्रय हेतु घर में रखा था। आरोपी के विरुद्ध थाना गुनौर में धारा 08/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**नाम पता आरोपी-** 1. संतोष पाठक पिता शिवकुमार पाठक, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम मन्नीखिरवा, थाना गुनौर, जिला पन्ना (म.प्र.)जप्त सामग्री-
उक्त प्रकरण में आरोपी के कब्जे से '03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 27,000 रुपये' जप्त किया गया है।

## महिला कांग्रेस ने चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार की अर्थी निकालकर किया अनोखा प्रदर्शन

# आस्था तिवारी के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम





पन्ना।

मध्य प्रदेश में राज्यसभा की प्रत्याशी रही मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने को लेकर लगातार प्रदर्शन चल रहे है। अलग-अलग तरीका से राज्य सरकार केंद्र सरकार चुनाव आयोग का विरोध कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है इसी कड़ी में पन्ना जिला महिला कांग्रेस द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की डायमंड चौराहा से भाजपा कार्यालय तक अर्थी निकाल कर उल्टे बैंड बजाते हुए राम-राम सत्य है के नारे लगाते हुए कांग्रेस नेत्री आस्था तिवारी के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया गया तथा भाजपा एवं चुनाव आयोग के मुर्दाबाद के नारे लगाए गए अनोखा प्रदर्शन को देखकर लोग भी चक्कर में पड़ गए आखिर यह किसकी अर्थी निकाली जा रही है भाजपा कार्यालय पहुंचने पर पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तथा आंसू गैस के गोले छोड़े गए एवं अर्थी को छीनने प्रयास किया गया लेकिन महिला कांग्रेस द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंक दिया गया । तथा जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान राज बहादुर पटेल पुरुषोत्तम जड़िया आनंद शुक्ला जीवन लाल सिद्धार्थ वैभव थापक अरुण बबलू गौतम नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका रेहान मोहम्मद मनीष मिश्रा सुनील अवस्थी बी एन जोशी केसरी अहिरवार रिंकू खान अक्षय तिवारी दीपक तिवारी राकेश शर्मा शशीकांत दिक्षित भूपेंद्र सिंह परमार जीतेंद्र सिंह जाटव बृजेंद्र दुबे अभिषेक जड़िया बृजेंद्र यादव मिलन कुशवाहा शनि राजा बुंदेला, राजाजी बुंदेला, जगदीश यादव, राकेश शर्मा, अक्षय तिवारी सिंह राजबहादुर यादव, अनुज श्रीवास, बृजेंद्र दुबे , सरफराज फारुकी, सौरभ पटेरिया, वैभव थापक, योगेश जड़िया हसीब खान, पुष्पेंद्र प्यासी, राकेश सोनकर, अकरम खान, अवधेश यादव,जीतेंद्र जाटव,आकाश जाटव हिमांशु ठाकुर अरविंद सोनी वेदांत मिश्रा, बृजेंद्र यादव, ईश्वर पटेल महेंद्र दुबे,संत कुमार पटेल, आनंद पटेल ,राजकिशोर पटेल,शांतनु चंपुरिया,आस्था तिवारी, संतोषी पटेल,विमला सिंगरौल, प्रीति बागरी, प्रियंका ,पप्पी, बल्लो, द्रोपती आदिवासी, दुखिया आदिवासी, माया, अक्की भाई, प्यारी भाई, सोमवती, कौशल्या, पुष्पा सिंह, विमला सिंह सिंगरौल, गिरजा भाई, छोटी प्रजापति, किशोरी बाई, उमा भाई, नैंसी भाई, ममता, सुनीता जाटव, रोजी बानो, किरण जाटव, सकीना बानो, नजरा बानो, शिवलाल सेन,सोनू चौधरी, हिमांशु ठाकुर, मनीष चौधरी, मुन्नू तिवारी,वीरेंद्र सेन ,चंद्रपाल सिंह,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ, पर्यावरण बचाओ की मिसाल वन विभाग की उपस्थिति में भाजपा महिला मोर्चा ने देवेंद्रनगर में किया पौधारोपण



पन्ना।

पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान का अद्भुत संगम गुरुवार को वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर में देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में वन विभाग की टीम के मार्गदर्शन में कैचमेंट प्लांटेशन क्षेत्र में पौधरोपण कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई। वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर अंतर्गत बीट देवेंद्रनगर के कक्ष क्रमांक पी-76 कैचमेंट प्लांटेशन क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना श्रीमती मीना राजे परमार महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पराजप्पे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता प्रदेश महामंत्री श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष श्रीमती शशि परमार ने श्रमदान कर शीशम, आंवला, कटहल जैसी बहुउपयोगी प्रजातियों के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र सहायक देवेंद्रनगर रमाकांत गर्ग, बीट प्रभारी देवेंद्रनगर एस.पी. राय एवं बीट प्रभारी मुट्वा विवेक चनपुरिया ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर पौधरोपण को सफल बनाया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पराजप्पे ने कहा कि ष्नारी शक्ति जब पर्यावरण संरक्षण का बीड़ा उठाती है तो धरती हरी-भरी हो जाती है। प्रत्येक महिला एक पौधा लगाकर उसे संतान की तरह पाले, यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। बीट प्रभारी एस.पी. राय ने बताया कि कैचमेंट क्षेत्र में शीशम-आंवला जैसे पौधे लगाने से भू-जल संरक्षण होगा और क्षेत्र का पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा। वन विभाग मातृशक्ति के इस पर्यावरण प्रेम को नमन करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने संकल्प लिया कि रोपित प्रत्येक पौधे की सुरक्षा की जाएगी और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उपस्थित ग्रामीण महिलाओं ने भी अपने आंगन में पौधे लगाने का प्रण लिया।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का समापन





पन्ना।

शाहनगर विकासखंड के अतरहाई गांव में पुरुषोत्तम मास के चलते श्रीमद्भागवत कथा का सुंदर आयोजन दादुराम तिवारी एवं ग्रामिणों के द्वारा कराया गया। संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा की सुंदर वाचिका ब्रजधाम से पधारीं कथा वाचिका पूज्य श्री देवी श्यामा प्यारी जी ने साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र का अनुपम वर्णन किया। कथा के दौरान बताया गया कि सुदामा जी की पत्नी सुशीला ने अपने पति से अपने बचपन के सखा द्वारिकाधीश से मिलने जाने का आग्रह किया, जिससे उनकी दरिद्रता का निवारण हो सके। तभी पड़ोस से तीन मुठ्ठी चावल भेंट स्वरूप अर्पित करने के लिए दिए गए। सुदामा जी भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकापुरी पहुंचे, जहां तीन मुठ्ठी चावल की भेंट श्रीकृष्ण ने अथाह प्रेम एवं ममता पूर्ण स्नेह से अंगीकार कर दो मुठ्ठी सूखे ही स्वाद से खाने लगे। शेष एक मुठ्ठी चावल के लिए जैसे ही उन्होंने हाथ बढ़ाया, तभी पटरानी रुक्मिणी जी ने अपने लिए भी प्रसाद स्वरूप याचना की। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता दूर कर उन्हें धनवान बना दिया। इस दौरान सखा-मिलन का भावपूर्ण चित्रण सुनाया गया। श्रीकृष्ण ने अपने आंसुओं से सुदामा के चरण धोए और अच्छे कपड़े पहनाकर उन्हें ऊंचे आसन पर बैठाया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-सुदामा के मिलन की सजीव झांकी सजाई गई। इस पर श्रद्धालुओं ने झांकी पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कथा के समापन पर परीक्षित मोक्ष का हृदयग्राही प्रसंग वर्णन किया गया। इस शुभ अवसर पर अतरहाई ग्राम सहित ग्रामीण अंचलों के श्रोता शामिल रहे।



## महाराजा छत्रसाल जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, नगर में गूंजे वीरता और भक्ति के स्वर

पन्ना।

महाराजा छत्रसाल जू देव की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार शाम 7 बजे श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरवाजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर छत्रसाल पार्क पहुंची, जहां महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं तिलक अर्पित किया गया। शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर महाराजा छत्रसाल जू देव की विशाल प्रतिमा को जागनी रथ में विराजमान किया गया। कार्यक्रम में पन्ना नरेश छत्रसाल द्वितीय, सांसद बी.डी. शर्मा, पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, धर्म उपदेशक पंडित खेमराज शर्मा, पंडित योगेश शर्मा एवं पंडित दीपराज शर्मा सहित मंदिर के पुजारियों सहित श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा तथा सचिव प्रेम शर्मा ने सामूहिक रूप से पूजन-अर्चन कर महाराजा छत्रसाल की आरती उतारी। इसके बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में घुड़सवार नवयुवक हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे, जबकि बैंड-बाजों की मधुर धुन वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर रही थी। महिलाओं ने बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल की वीरगाथाओं से जुड़े गीत प्रस्तुत कर श्रद्धा व्यक्त की। शोभायात्रा में नगरवासियों के साथ बुंदेला समाज, धामी समाज एवं विभिन्न राज्यों से पधारे सुंदरसाथ बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने महाराजा छत्रसाल के जयकारों के साथ उनका स्मरण किया। कार्यक्रम ने नगर में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## महेवा में क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई



अमानगंज

क्षेत्र के महेवा ग्राम में क्षत्रिय राजपूत समाज सेवा संगठन जिला पन्ना क्षत्रिय करणी सेना जिला अध्यक्ष अमित सिंह परिहार, श्यामू राजा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि क्षत्रिय राजपूत समाज के अध्यक्ष डॉ बलवान सिंह भाटी विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत गुनौर अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह बैस संरक्षक क्षत्रिय राजपूत समाज सेवा संगठन एवं जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस भभूत सिंह चौहान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेवा भूपेंद्र सिंह गहलोत पूर्व कोषाध्यक्ष क्षत्रिय राजपूत समाज नत्थू सिंह तोमर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेवा भूपेंद्र सिंह गहलोत जिला अध्यक्ष करणी सेना परिवार सचिन सिंह पायक कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल महेवा नारायण सिंह परिहार सरपंच देवरी सरकार रावेन्द्र सिंह चौहान पूर्व सचिव क्षत्रिय राजपूत समाज बुद्ध सिंह सौलन्की राजेन्द्र सिंह राजपूत आर्मी मझगवा सरकार सचिव क्षत्रिय राजपूत समाज नत्थू सिंह सौलन्की चन्द्रभान खरे, राम नारायण सिह परिहार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमानगंज आनन्द सिंह राजपूत कुंवर सुरजीत सिंह कुंवर उत्तम सिंह राजपूत कुंवर दिग्विजय सिंह पंवार नचनौरा श्री अरविन्द पचौरी श्री मनीष पटेल श्री बड़े मुन्ना अशोक कुमार व्यास श्री पूरन चंद जैन श्री जीतेन्द्र सिंह राजपूत सहसचिव ग्राम पंचायत महेवा श्री रुप सिंह पल्लव कोट जी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत महेवा में क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती एवं हिन्दू हृदय चक्रवर्ती क्षत्रिय राजपूत सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की जयंती बुन्देल केसरी महाराजा छत्रसाल जी की जयंती ग्राम महेवा में बड़े ही धूमधाम से संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम देश के महान अमर राष्ट्रभक्तो के छायाचित्रो पर धूप दीप पुष्प माला तिलक रोरी लगाकर पूजन अर्चन कर भव्य शोभायात्रा ससम्मान ग्राम महेवा में निकाली गई जगह-जगह ग्राम महेवा में नागरिकों ने शौभायात्रा का पूजन अर्चन किया गया श्री बड़ी माता मन्दिर महेवा में क्षत्रिय राजपूत समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिको द्वारा बर्ष 2026 में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा परिणाम मे टेन टाप सूची में प्रथम कुमारी प्रतिभा सिंह सोलंकी पिता श्री भारतेंदु सिंह सोलंकी ग्राम हिनौती बेली टेन टाप सूची में तृतीय स्थान अर्जुन सिंह चंदेल पिता मंगल सिंह चंदेल ग्राम पटना कलां टेन टाप सूची में दसवां स्थान प्रिंस सिंह पंवार पिता श्री हरिचरण सिंह पंवार ग्राम नचनौरा माला शाल श्रीफल संगठन द्वारा शील प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया एवं मढ़ेशवर हायर सेकेंडरी स्कूल बेली हिनौती के मेघावी छात्र छात्राओं जो वर्ष 2026 में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल 10th परीक्षा परिणाम में विद्यालय में 90% के ऊपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया शिवान्स सिंह सोलंकी पिता श्री सुरेंद्र सिंह 10th परीक्षा में 94% सूर्य प्रताप सिंह सोलंकी पिता श्री शंकर सिंह 90% सभी अन्य छात्राओं को माला शाल श्रीफल शील वह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया संगठन के सभी पदाधिकारियो ने 10th परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की टेन टॉप सूची में प्रथम व अन्य सभी मेधावी छात्र छात्राओं को संगठन की ओर से हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी सभी के उज्वल भविष्य की मां भवानी जी से कामनाएं की जयंती सभी प्रवक्ताओ ने भारत के वीर महान योद्धा राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक अदम्य शौर्य साहस पराक्रम त्याग स्वाभिमान स्वतंत्रता मातृभूमि की रक्षा करने में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह जूदेव एवं राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक शब्दभेदी बाण के महारथी महान योद्धा क्षत्रिय राजपूत सम्राट पृथ्वीराज चौहान जूदेव अदम्य शौर्य और साहस महान योद्धा राष्ट्रभक्ति के प्रतीक बुन्देल केसरी महाराजा छत्रसाल जूदेव बुंदेला जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा राष्ट्रभक्ति प्रेम भाईचारा त्याग स्वाभिमान स्वतंत्रता मातृभूमि की रक्षा करने के लिए मुगलों से संघर्ष आज हम सभी को भारत की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए हम सभी उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र सिंह राजपूत आर्मी मझगवा सरकार पन्ना लाल सौलन्की हिनौती दिग्विजय सिंह बिसेन महेवा बद्री सिंह पटेल राजेश कुमार पाण्डेय बद्री सिंह सौलन्की सेल्समेन पुष्पेंद्र सिंह पायक खमरिया पुष्पेंद्र सिंह चौहान चरण सिंह चौहान इटवा कलां सुरेंद्र सिंह मझगवा सुम्मेर सिंह गहलोत मलखान सिंह चौहान अन्धरखुवा राम सिंह बैंस महेवा भूपेंद्र सिंह गहलोत घटारी गुड्डू सिंह गहलोत मझगवा सरकार पुत्तू जैन जीतेन्द्र खटीक महेवा इन्द्रपाल सिंह पलका ग्राम महेवा से योगेन्द्र सिंह परिहार संजय सिंह राणा वृजमोहन सिंह चौहान रणधीर सिंह परिहार शिवमंगल सिंह गहलोत राम सिंह बैंस अरूण सिंह बाबा राजा राजेश सिंह कठहरिया के पी सिंह बैंस जागेंद्र सिंह गहलोत राम सिंह पार्क खमरिया मंच का संचालन सुम्मेर सिंह गहलोत द्वारा किया गया आदि बड़ी संख्या में राजपूत समाज एवं समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति रही जयंती कार्यक्रम शांति पूर्वक सफल रहा।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिग बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

छतरपुर।

कोतवाली थाना पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ 14 वर्षीय बालिका को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को बस स्टैंड क्षेत्र में बालिका अकेली और असहाय अवस्था में मिली थी। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी।

पुलिस टीम ने धैर्य और सूझबूझ के साथ बालिका से उपलब्ध जानकारी जुटाई तथा स्थानीय स्तर पर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए। लगातार प्रयासों के बाद बालिका की पहचान कर उसे सुरक्षित उसके गृह ग्राम पहुंचाया गया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि बालिका नाबालिग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जिसे सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। अपनी पुत्री को सकुशल पाकर परिजनों ने छतरपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, आरक्षक करन सिंह यादव एवं आरक्षक घनश्याम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समान नागरिक संहिता के संबंध में नागरिक यूसीसी पोर्टल पर अपने सुझाव अवश्य दर्ज कराएंः कलेक्टर



अधिकारी-कर्मचारी अपने विभागीय अमले को यूसीसी के संबंध में सुझाव दर्ज कराने प्रेरित करें

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में जनकल्याण शिविर एवं यूसीसी फीडबैक के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से भी जुड़े रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने सुझाव करने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक ज्यादा से ज्यादा समान नागरिक संहिता के संबंध में यूसीसी पोर्टल पर अपने सुझाव अवश्य दर्ज करें। उन्होंने कहा पटवारी, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं और विभागीय अमले को भी अपने सुझाव यूसीसी पोर्टल पर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने जन कल्याण शिविरों के निकायों एवं जनपदों में निराकृत हुए आवेदनों की पार्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय सटई, महाराजपुर, हरपालपुर एवं जनपद गौरिहार, छतरपुर के लाभान्वित हितग्राहियों के आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गढ़ीमलहरा सीएमओ एवं गौरिहार जनपद सीईओ को अनुपस्थित रहने पर शोकॉज नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

फूलों की होली, नाटक और किशोर कुमार के सदाबहार गीतों से सजी विरासत महोत्सव की पहली शाम

# बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर मऊसहानियां में चल रहा दो दिवसीय आयोजन





छतरपुर। बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन छतरपुर, महाराजा छत्रसाल महोत्सव विरासत समिति और महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के सहयोग से पर्यटक ग्राम मऊसहानियां में दो दिवसीय विरासत महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम का विधिवत आगाज मुख्य मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनने के लिए क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव, महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं महाराजा छत्रसाल महोत्सव विरासत समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह बुंदेला विशेष रूप से मंच पर मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में बुंदेलखंड की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को बेहद महत्वपूर्ण बताया। विरासत महोत्सव के पहले दिन आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत में ही कला और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। पहली प्रस्तुति के तहत वंदना श्री एवं उनके साथी कलाकारों ने मथुरा-वृंदावन का सुप्रसिद्ध मयूर नृत्य, बरसाने की होली और मनमोहक महारास पेश किया। कलाकारों द्वारा मंच पर खेली गई फूलों की होली और राधा-कृष्ण के महारास ने पंडाल में मौजूद दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद मंच पर दतिया के प्रसिद्ध निर्देशक राजेश लिटोरिया के कुशल निर्देशन में ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति महारानी गणेशकुंअरि का प्रभावशाली मंचन किया गया। 16वीं शताब्दी के ओरछा राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नाटक ने बुंदेलखंड के लोकवैभव, स्थापत्य और अटूट धार्मिक संकल्प को जीवंत कर दिया। नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार कृष्णभक्त ओरछा नरेश महाराज मधुकर शाह की पत्नी और श्रीराम की अनन्य उपासिका महारानी गणेशकुंअरि अपनी कठोर तपस्या के बल पर प्रभु श्रीराम को बाल रूप में अयोध्या से ओरछा लेकर आईं, जो आज भी वहां रामराजा सरकार के रूप में राजशाही ठाट-बाट से विराजमान हैं। संगीत, सधे हुए प्रकाश विन्यास और कुल 16 कलाकारों के सजीव अभिनय से सुसज्जित इस नाटक ने दर्शकों को अध्यात्म की एक अद्वितीय यात्रा कराई। सांस्कृतिक संध्या के अंतिम पड़ाव में भोपाल से आए विकास सिरमौलिया एवं उनके साथी कलाकारों ने सुगम संगीत की शानदार प्रस्तुति दी। संगीत सभा की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से हुई। इसके तुरंत बाद कलाकारों ने ये देश है वीर जवानों का, जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया और देश रंगीला जैसे ओजस्वी देशभक्ति गीतों की झड़ी लगा दी, जिसने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा से सराबोर कर दिया। देशभक्ति के नगमों के बाद विकास सिरमौलिया ने पाश्र्व गायक किशोर कुमार के सदाबहार रोमांटिक गीतों को गाकर शाम को और अधिक सुरमयी बना दिया। इन गीतों पर देर रात तक श्रोता झूमते रहे और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।



# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, 5 लोग गंभीर घायल, ग्रामीणों में आक्रोश

छतरपुर। जिले के ग्राम कैड़ी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में रतन कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, रवींद्र पटेल और रवि गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रतन कुशवाहा और सूरज कुशवाहा के पैर टूट गए हैं, जबकि अन्य घायलों की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक बब्लू यादव, निवासी ग्राम भगवंतपुरा, तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा प्रशासन से दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हादसे को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# बागेश्वर धाम में श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत, पुलिस-स्वास्थ्य कर्मियों और पत्रकार ने दिया कंधा, मानवता की मिसाल बनी अंतिम विदाई

छतरपुर।



प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल बागेश्वर धाम में एक श्रद्धालु की मृत्यु के बाद मानवता और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुंबई के आयरोली निवासी 63 वर्षीय सतीश कामद की दो दिन पूर्व बागेश्वर धाम स्थित राम दरबार में दर्शन के दौरान अचानक हृदयाघात आने से मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर बागेश्वर धाम पुलिस चौकी ने तत्परता दिखाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल छतरपुर भेजा, जहां उसे सुरक्षित रखा गया। सूचना पर मृतक की पत्नी स्नेह कामद, बेटी कृतिका कामद और भाई दिनेश कामद मुंबई से छतरपुर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद सागर रोड स्थित भैंसासुर मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में प्रधान आरक्षक रविंद्र मिश्रा, पत्रकार विनोद मिश्रा तथा जिला अस्पताल के कर्मचारी गोविंद और संजय सहित अन्य लोगों ने कंधा देकर सामाजिक संवेदनशीलता और मानवता का परिचय दिया। मृतक के भाई दिनेश कामद ने मुखाग्नि दी।

मृतक की बेटी कृतिका कामद ने बताया कि उनके पिता की अंतिम इच्छा थी कि उनकी अंतिम सांस बागेश्वर धाम में निकले और उन्हें पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त हो। वहीं पत्नी स्नेह कामद ने बताया कि सतीश कामद का बागेश्वर धाम से विशेष लगाव था और वे समय-समय पर यहां सेवा कार्यों में भी भाग लेते थे। परिस्थितियों को देखते हुए परिवार ने छतरपुर में ही अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा दिया गया सहयोग परिवार के लिए संबल बना। यह घटना दुख की घड़ी में समाज की एकजुटता और इंसानियत का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई।

# बम्होरी में पेट्रोल बम से दहशत, सीसीटीव्ही में कैद हुई वारदात, छह दिन बाद भी आरोपी फरार

बक्स्वाहा। जिले के बकस्वाहा थाना क्षेत्र के बम्होरी गांव में अज्ञात बदमाशों द्वारा पेट्रोल बम फोड़कर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। घटना के छह दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बम्होरी निवासी केशव बिल्थरे और मनोज बिल्थरे के घर के सामने देर रात कुछ अज्ञात बदमाश पहुंचे और पेट्रोल बम फोड़कर क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।

घटना के बाद पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों ने बम्होरी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। छह दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। उनका कहना है कि



गांव में पुलिस चौकी होने के बावजूद अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और आसानी से बच निकलते हैं। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# इजराइली तकनीक से शिवसागर तालाब का पानी बनेगा पेयजल योग्य, खजुराहो में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

खजुराहो। विश्व धरोहर नगरी खजुराहो के ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण और जल गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक बड़ी पहल होने जा रही है। इजराइल की अत्याधुनिक जल शोधन तकनीक के माध्यम से शिवसागर तालाब के पानी को पायलट प्रोजेक्ट के तहत पेयजल योग्य बनाने की योजना पर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। यह परियोजना जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और सतत विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो सकती है।इसी क्रम में इजराइल सरकार के प्रतिनिधि नीरज गहलावत ने खजुराहो पहुंचकर डॉ. भरत पाठक एवं डॉ. नंदिता पाठक के साथ शिवसागर सहित नगर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाबों की वर्तमान स्थिति, जल गुणवत्ता और इजराइली तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. भरत पाठक ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित इजराइल दूतावास में जल प्रबंधन



विशेषज्ञों के साथ बुंदेलखंड के तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर चर्चा की थी।

जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर परिषद खजुराहो के सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, पीएचई विभाग तथा जल-नल योजना से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक सहयोग और समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। तालाबों के निरीक्षण के दौरान एएसआई अधिकारियों, होटल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश तिवारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इजराइल दूतावास के जल प्रबंधन विशेषज्ञ जल्द ही जिला प्रशासन के साथ तकनीकी सर्वेक्षण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करेंगे। इसके बाद शिवसागर तालाब में पायलट प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होगा। परियोजना सफल होने पर इसे खजुराहो के अन्य तालाबों और जल स्रोतों तक भी विस्तारित किया जा सकता है। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तकनीक के सफल उपयोग से जल गुणवत्ता में सुधार, भूजल संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन नगरी खजुराहो की स्वच्छ एवं सुंदर छवि को नई पहचान मिलेगी।

## बिना प्रभारी मंत्री की मंजूरी के तीन एएनएम का तबादला, कलेक्टर ने बाबू बबीता खरे को किया निलंबित

छतरपुर। मध्यप्रदेश शासन की स्थानांतरण नीति का उल्लंघन करने के एक गंभीर मामले में छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय छतरपुर द्वारा प्रभारी मंत्री के बिना अनुमोदन के ही तीन एएनएम श्रीमती रचना श्रीवास्तव, श्रीमती शबनम और श्रीमती रेखा निरंजन के तबादले के आदेश जारी कर दिए गए। इस नियम विरुद्ध आदेश को जारी कराने में स्थापना लिपिक सहायक ग्रेड-2 श्रीमती बबीता खरे की संलिप्तता पाई गई है। कलेक्टर ने बबीता खरे के इस कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सिविल सर्जन कार्यालय छतरपुर तय किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।इस बड़ी लापरवाही और नियम विरुद्ध की गई ट्रांसफर की कार्रवाई के बाद अब जिले के स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। निलंबन आदेश के साथ ही कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर को भी कड़े निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि निलंबित कर्मचारी बबीता खरे का आरोप पत्र 15 दिनों के भीतर तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। बिना प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के हुए इन तबादलों के बाद अब गाज सीधे सीएमएचओ पर भी गिर सकती है और आने वाले दिनों में उनके खिलाफ भी बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# हरपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया डॉक्टर



हरपालपुर। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से चली आ रही डॉक्टरों की कमी अब दूर हो गई है। गुरुवार को एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. सौरभ मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में पदभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उम्मीद जगी है। डॉ. मिश्रा इससे पहले नौगांव में मेडिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने पदभार संभालने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता मरीजों को बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना, गर्भवती महिलाओं को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाना तथा इमरजेंसी मरीजों का समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहेगा। नगरवासियों का मानना है कि डॉक्टर की नियुक्ति से अब मरीजों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और अस्पताल की सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# चुनाव आयोग के विरोध में कांग्रेस महिला मोर्चा की अर्थी यात्रा, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**छतरपुर। कांग्रेस महिला मोर्चा ने गुरुवार को चुनाव आयोग के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए शहर में अर्थी यात्रा निकाली। कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई यह यात्रा डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक अर्थी फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान राम नाम सत्य है के नारों से माहौल गूंज उठा।**



महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में मटकी और कंधों पर अर्थी लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने में आयोग विफल रहा है। कांग्रेस नेत्री दीप्ति पांडे ने कहा कि मशीनों में कथित गड़बड़ी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस लगातार विरोध करती रहेगी। प्रदर्शन में दीप्ति पांडे, धीरज मिश्रा, चंद्रमुखी चौरसिया सहित कांग्रेस महिला मोर्चा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अमला भी पूरे समय मौके पर तैनात रहा।

उज्जैन की तर्ज़ पर छतरपुर में भी प्रशिक्षण

# कर्मचारियों में सकारात्मक बदलाव हेतु आनंदम प्रशिक्षण 27 जून से

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के आग्रह पर राज्य आनंद संस्थान द्वारा छतरपुर ज़िले में जनता से सीधे जुड़े सरकारी कर्मचारियों में सकारात्मक बदलाव के लिए आवासीय आनंदम प्रशिक्षण 27 जून से प्रारंभ हो रहा है जो लगातार कई महीनों तक चलेगा, प्रदेश में इस तरह का कार्यक्रम मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिला उज्जैन के साथ साथ छतरपुर ज़िले में ही हो रहा है उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ को दृष्टिगत रखते हुए लगातार प्रशिक्षण चल रहा है। छतरपुर ज़िले में लंबे समय तक सेवाएँ देने वाले वर्तमान में राज्य आनंद संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार एवं आनंद विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अभी सात आवासीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण स्वीकृत किए गए हैं जिला प्रशासन की माँग के अनुसार इन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा।

आनंद विभाग के जिला नोडल अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने ज़िले के समस्त जनपद सीईओ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी,महिला बाल विकास अधिकारी, तहसीलदार व बीआरसीसी को निर्देशित किया है कि प्रत्येक कार्यालय से एक एक कर्मचारी आनंदम प्रशिक्षण में शामिल करायें। प्रशिक्षण समन्वयक लखन लाल असाटी के अनुसार जिले की कुल 57 निकायों नगरीय निकाय, जनपद, तहसील, बालविकास परियोजना तथा जनपद शिक्षा केंद्रों से एक शिविर हेतु एक कर्मचारी भेजा जाएगा जिससे कार्यालय का भी कामकाज प्रभावित नहीं होगा। प्रशिक्षण भी शनिवार और रविवार छुट्टी के दिनों तथा सोमवार को होगा । आवासीय प्रशिक्षण होने के कारण प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था रहेगी और नौगाँव एसडीएम गोपाल शरण पटेल प्रशासनिक समन्वयक रहेंगे।

# यातायात पुलिस ने ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों पर लगाए सीरियल नंबर स्टीकर

***यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं गुम हुई संपत्ति की वापसी में प्रभावी साबित हो रहा अभियान***



छतरपुर

जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने हेतु नगरीय एवं ग्रामीण मार्गों पर संचालित ऑटो एवं ई-रिक्शा जैसे यात्री वाहनों पर सीरियल नंबर युक्त स्टीकर लगाए जा रहे हैं। क्षेत्र एवं रूट के अनुसार विभिन्न रंगों के स्टीकर निर्धारित कर वाहनों पर चस्पा किए जा रहे हैं।यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न कस्बों एवं ग्रामीण मार्गों पर संचालित यात्री वाहनों का सर्वे कर उन पर सीरियल नंबर स्टीकर लगाने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक छतरपुर नगर, देहात क्षेत्र, बागेश्वर धाम एवं खजुराहो क्षेत्र में संचालित 2000 से अधिक ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों पर स्टीकर लगाए जा चुके हैं।पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले के सभी मार्गों पर संचालित नए ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों की जानकारी एकत्र कर निर्धारित रजिस्टर में प्रविष्टि की जा रही है तथा उन पर क्रमांकित स्टीकर लगाए जा रहे हैं। यह कार्यवाही निरंतर जारी है। सीरियल नंबर के आधार पर प्रत्येक वाहन की विस्तृत जानकारी, जिसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की वैधता संबंधी विवरण शामिल है, यातायात थाना में सुरक्षित रूप से संधारित किया जा रहा है।इस अभियान के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध हो रही है। यदि कोई चालक दुर्व्यवहार करता है, नशे की अवस्था में वाहन चलाता है अथवा तेज गति से वाहन संचालन करता है, तो यात्री सीरियल नंबर के माध्यम से उसकी पहचान कर पुलिस को सूचना दे सकते हैं, जिस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त यात्रियों द्वारा वाहन में भूलवश छोड़े गए बैग, मोबाइल फोन, पर्स एवं अन्य सामान को संबंधित व्यक्ति तक वापस पहुंचाने में भी यह अभियान अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है।

# कृति महिला मंडल ने बढ़ाए मदद के हाथ, स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनेंगी स्थानीय युवतियां



सिंगरौली

एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना की सुगंधा महिला समिति ने कृति महिला मंडल की मुहिम ₹एक कदम₹ के तहत स्थानीय युवतियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। महिला समिति द्वारा क्षेत्र के 'रानी दुर्गावती स्वयं सहायता समूह' (एसएचजी) को स्वरोजगार के बेहतर साधन और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पहल के तहत युवतियों को अपने व्यवसाय के संचालन के लिए नगर निगम के सहयोग से झिंगुरदा कोऑपरेटिव में एक दुकान का आवंटन किया गया है, साथ ही व्यापार को सुचारू रूप से चलाने के लिए अन्य आवश्यक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

इस दौरान दुकान के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सिलोव्स एवं कृति महिला मंडल अध्यक्षा, श्रीमती बी. के. दुर्गा एवं केएमएम उपाध्यक्षा - श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती शीला द्विवेदी एवं श्रीमती रूबी जायसवाल सहित अन्य सदस्याएं तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।सुगंधा महिला समिति के इस प्रयास से उक्त युवतियों को अपने जूट उत्पादों, सिलाई और ब्यूटी पार्लर के लिए एक स्थायी स्थान मिलने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता और व्यावसायिक पहुंच में भी वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त सुगंधा महिला समिति द्वारा इन युवतियों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे की वह



बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने में सक्षम होंगी। साथ ही महिला समिति द्वारा इन उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुँचाने और मार्केटिंग में भी सहयोग किया जाएगा जिस से उक्त युवतियों के आय के स्त्रोत सुनिश्चित होंगे एवं वह अपने परिवार की आय में अहम भूमिका निभाएँगी।इसके अलावा उक्त युवतियों के व्यापार को आधुनिक और डिजिटल युग से जोड़ने के लिए समूह का बैंक क्रेडिट लिंकेज किया जाएगा और उनके उत्पादों को प्रमुख ई-मार्केट प्लेटफॉर्म्स पर भी रजिस्टर्ड कराया जाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में इस समूह से लगभग 10 से 12 युवतियां जुड़ी हुई हैं, जिन्हें इसके माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। यह समूह मुख्य रूप से उच्च गुणवत्ता वाले जूट के विभिन्न आकर्षक उत्पादों का निर्माण करता है, जिनकी कीमतें बाजार की तुलना में काफी कम रखी गई हैं।

